CLASS : 12th (Sr. Secondary) **Code No. 3605**

**Series : SS/Annual Exam.-2026**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*नोट : (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं,** किन्तु कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक-साथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयान्तर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv) शुद्ध सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

*(v) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(vi) प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ आवश्यकता के अनुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।*

## खण्ड – क

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

भारत में हरित क्रांति का मुख्य उद्देश्य देश को खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बनाना था, लेकिन इस बात की आशंका किसी को नहीं थी कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न सिर्फ खेतों में, बल्कि खेतों से बाहर मंडियों तक में होने लगेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग खाद्यान्नों की गुणवत्ता के लिए सही नहीं है। लेकिन जिस रफ्तार से देश की आबादी बढ़ रही है, उसके मद्देनज़र फसलों की अधिक पैदावार जरूरी थी। समस्या सिर्फ रासायनिक खादों के प्रयोग की ही नहीं है। देश के ज्यादातर किसान परम्परागत खेती से दूर होते जा रहे हैं। दो दशक पहले हर किसान के यहाँ गाय,

बैल और भैंस खूंटों से बंधे मिलते थे। अब इन मवेशियों की जगह ट्रैक्टर-ट्राली ने ले ली है। परिणामस्वरूप गोबर और घूरे की राख से बनी कम्पोस्ट खाद खेतों में गिरनी बंद हो गयी। पहले चैत-बैसाख में गेहूँ की फसल कटने के बाद किसान अपने खेतों में गोबर, राख और पत्तों से बनी जैविक खाद डालते थे। इससे न सिर्फ खेतों की उर्वरा-शक्ति बरकरार रहती थी, बल्कि इससे किसानों को आर्थिक लाभ के अलावा बेहतर गुणवत्ता वाली फसल मिलती थी।

*प्रश्न :*

(i) हरित क्रांति अपने साथ क्या ***नहीं*** लाई ?

(क) खाद्यान्न के लिए आत्मनिर्भरता

(ख) रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक

(ग) परम्परागत खेती से किसानों की दूरी

(घ) बेहतर गुणवत्ता वाली फसल

(ii) गोबर के खाद की विशेषता है :

(क) जैविक है और उर्वरा-शक्ति को बनाए रखती है।

(ख) गाँव में गोबर आसानी से मिल जाता है।

(ग) मंडी तक ले जाई जा सकती है।

(घ) किसान को सर्वाधिक पसंद है।

(iii) रासायनिक खाद की विशेषता ***नहीं*** है :

(क) पैदावार बढ़ाना

(ख) खाद्यान्न की गुणवत्ता बढ़ाना

(ग) सस्ता होना

(घ) किसान को सहज उपलब्ध होना

(iv) गद्यांश में रासायनिक खाद के अतिरिक्त किस प्रमुख समस्या का उल्लेख है ?

(क) किसानों का परम्परागत कृषि से दूर होना

(ख) फसल बिक्री के लिए मंडी उपलब्ध न होना

(ग) ट्रैक्टर का बढ़ता उपयोग

(घ) खेतों में उर्वरा शक्ति नष्ट होना

(v) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है :

(क) जहरीले कीटनाशक

(ख) हरित क्रांति

(ग) गुणकारी फसल

(घ) परम्परागत खेती

**2.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

रुका तू, गया रुक जगत का सृजन
तिमिरमय नयन में डगर भूलकर
कहीं खो गई रोशनी की किरन
घने बादलों में कहीं सो गया
नई सृष्टि का सप्तरंगी सपन
रुका तू, गया रुक जगत का सृजन
अधूरे सृजन से निराशा भला
किसलिए, जब अधूरी स्वयं पूर्णता ?
सृजन की थकन भूल जा देवता !

*प्रश्न :*

(i) कवि ने किसे भूल जाने की बात कही है ?

(क) निर्माण की थकान

(ख) अंधकार

(ग) पूर्णता

(घ) सप्तरंगी सपन

(ii) प्रस्तुत कविता से कवि ने पाठक को क्या प्रेरणा दी है ?

(क) सो जाने की

(ख) निरंतर चलने की

(ग) निराश होने की

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) प्रस्तुत पद्यांश की दूसरी पंक्ति में प्रयुक्त 'तिमिरमय' शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) प्रकाशमय

(ख) ज्योतिर्मय

(ग) अंधकारमय

(घ) निद्रामय

(iv) प्रस्तुत पद्यांश में किस भाषा का प्रयोग हुआ है ?

(क) ब्रज भाषा

(ख) हिन्दी भाषा

(ग) खड़ी बोली

(घ) अवधी भाषा

(v) प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर **कथन (A)** और **कारण (R)** को पढ़कर ***उचित*** विकल्प चुनिए :

**कथन (A) :** लेखक ने कलाकार को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

**कारण (R) :** कलाकार अपना संपूर्ण जीवन कला को समर्पित कर देता है।

(क) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

## खण्ड – ख

**3.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' के आधार पर लेखक के पिता किस भाषा के अच्छे ज्ञाता थे ?

(क) फ़ारसी भाषा के

(ख) अंग्रेजी भाषा के

(ग) अवधी भाषा के

(घ) खड़ी बोली के

(ii) 'बालक बच गया' निबंध में पाठशाला में किसका आयोजन था ?

(क) सभा का

(ख) खेल-कूद का

(ग) गणतंत्र दिवस का

(घ) वार्षिकोत्सव का

(iii) लघुकथा 'शेर' में शेर किसका प्रतीक है ?

(क) व्यवस्था का

(ख) राजा का

(ग) प्रजा का

(घ) मंत्री का

(iv) 'दूसरा देवदास' कहानी में किस शहर के परिवेश का चित्रण है ?

(क) कानपुर

(ख) गोरखपुर

(ग) प्रयागराज

(घ) हरिद्वार

(v) 'कुटज' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(क) रामचंद्र शुक्ल

(ख) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ग) ममता कालिया

(घ) भीष्म साहनी

**4.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

वह धान रोपाई का महीना था – जुलाई का अंत-जब बारिश के बाद खेतों में पानी जमा हो जाता है। हम उस दुपहर को सिंगरौली के एक क्षेत्र-नवागाँव आए थे। इस क्षेत्र की आबादी पचास हजार से ऊपर है, जहाँ लगभग अठारह छोटे-छोटे गाँव बसे हैं। इन्हीं गाँवों में एक का नाम है – अमझर-आम के पेड़ों से घिरा गाँव-जहाँ आम झरते हैं। किंतु पिछले दो-तीन वर्षों से पेड़ों पर सूनापन है, न कोई फल पकता है, न कुछ नीचे झरता है। कारण पूछने पर पता चला कि जबसे सरकारी घोषणा हुई है कि अमरौली प्रोजेक्ट के अन्तर्गत नवा-गाँव के अनेक गाँव उजाड़ दिए जाएंगे, तब से न जाने कैसे, आम के पेड़ सूखने लगे। आदमी उजड़ेगा तो पेड़ जीवित रहकर क्या करेंगे ?

टिहरी गढ़वाल में पेड़ों को बचाने के लिए आदमी के संघर्ष की कहानियाँ सुनी थी, किंतु मनुष्य के विस्थापन के विरोध में पेड़ भी एक साथ मिलकर मूक सत्याग्रह कर सकते हैं, इसका विचित्र अनुभव सिर्फ सिंगरौली में हुआ।

*प्रश्न :*

(i) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

(क) सुमिरिनी के मनके

(ख) संवदिया

(ग) जहाँ कोई वापसी नहीं

(घ) प्रेमघन की छाया-स्मृति

(ii) प्रस्तुत गद्यांश में किस मूल संवेदना का चित्रण है ?

(क) वृक्षारोपण की समस्या

(ख) प्रदूषण की समस्या

(ग) विस्थापन की समस्या

(घ) इनमें से कोई नहीं

(iii) अमझर गाँव में सूनापन क्यों है ?

(क) अमरौली प्रोजेक्ट की घोषणा के कारण

(ख) सिंगरौली में बारिश का पानी जमा होने के कारण

(ग) धान रोपाई का महीना होने के कारण

(घ) गाँव के सब लोग के काम पर चले जाने के कारण

(iv) पुरानी दंतकथा के अनुसार सिंगरौली का क्या नाम था ?

(क) सिंगारी

(ख) भृंगराज

(ग) शृंगारी

(घ) सृंगावली

(v) प्रस्तुत गद्यांश में प्रयुक्त 'मूक सत्याग्रह' के लिए ***सही*** विकल्प चुनिए :

(क) सत्य के लिए आग्रह

(ख) चुपचाप सत्य के लिए आग्रह

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 3 + 3 = 10

(क) संवाद कहते वक्त बड़ी बहुरिया की आँखें क्यों छलछला आईं ?

(ख) लेखक सेवाग्राम कब और क्यों गया था ?

(ग) उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' की पहली झलक लेखक ने किस प्रकार देखी ?

(घ) कुटज किस प्रकार अपनी अपराजेय जीवन शक्ति की घोषणा करता है ?

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 5 = 5$

(i) देवसेना कौन थी ?

(क) स्कंदगुप्त की पत्नी

(ख) मालवा के राजा बंधुवर्मा की बहन

(ग) दासी

(घ) स्कंदगुप्त की बहन

(ii) 'एक बूंद' का संबंध कविता में किससे बताया गया है ?

(क) ईश्वर से

(ख) जीवन से

(ग) व्यक्ति से

(घ) क्षणभंगुरता से

(iii) किस शहर में बसंत का आगमन अचानक होता है ?

(क) अहमदाबाद

(ख) इलाहाबाद

(ग) बनारस

(घ) पटना

(iv) कवि ने हिमालय की दिशा किससे पूछी ?

(क) स्वयं से

(ख) अपनी पत्नी से

(ग) एक बच्चे से

(घ) एक राहगीर से

(v) घनानंद किससे प्रेम करते थे ?

(क) सुजान से

(ख) सुभान से

(ग) अभान से

(घ) अजान से

**7.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

माँ की कुल शिक्षा मैंने दी,
पुष्प-सेज तेरी स्वयं रची,
सोचा मन में, ''वह शकुंतला,
पर पाठ अन्य यह, अन्य कला।''
कुछ दिन रह गृह तू फिर समोद,

बैठी नानी की स्नेह गोद।
मामा-मामी का रहा प्यार,
भर जलद धरा को ज्यों अपार;
वे ही सुख-दुख में रहे न्यस्त,
तेरे हित सदा समस्त, व्यस्त,
वह लता वहीं की, जहाँ कली
तू खिली, स्नेह से हिली, पली
अंत भी उस गोद में शरण
ली, मूंदें दृग वर महामरण।

**अथवा**

जननी निरखति बान धनुहियाँ।
बार-बार नैननि लावति प्रभुजू की ललित पनहियाँ।।
कबहुँ प्रथम ज्यों जाइ जगावति कहि प्रिय बचन सवारे।
''उठऊ तात ! बलि मातु बदन पर, अनुज सखा सब द्वारे''।।
कबहुँ कहतिं यों ''बड़ी बार भइ जाहुँ भूप पहँ, भैया।
बंधु बोलि जेंइय जो भावै गई निछावरि मैया''।।
कबहुँ समुझि वनगमन राम को रहि चकि चित्रलिखी सी।
तुलसीदास वह समय कहे तें लागति प्रीति सिखी सी।।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है ? 2

(ii) माघ महीने में विरहिणी को क्या अनुभूति होती है ? 2

(iii) 'कोई छह बजे सुबह ........... फिरकी सी आई, चली गई' – पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए। 3

(iv) 'सेह पिरित अनुराग बखानिअ तिल-तिल नूतन होय' से कवि का क्या आशय है ? 3

**खण्ड – ग**

**9.** ***'अंतराल (भाग-2)'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) जगधर के मन में किस तरह का ईर्ष्या का भाव जागा और क्यों ? 2

(ii) कोइयाँ किसे कहते हैं ? उसकी विशेषता बताइए। 2

(iii) धरती का वातावरण गरम क्यों हो रहा है ? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है ? टिप्पणी कीजिए। 3

**खण्ड – घ**

**10.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) (i) लाइव से क्या तात्पर्य है ?

(ii) समाचार किस शैली में लिखा जाता है ?

(iii) बीट रिपोर्टिंग से क्या अभिप्राय है ?

(iv) विशेष लेखन किसे कहते हैं ?

(v) भारत में पहला छापाखाना कहाँ पर खुला ?

(ख) (i) रेडियो नाटक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 3

(ii) विशेष लेखन किसे कहते हैं ? इसके प्रमुख क्षेत्र कौन-से हैं ? 2

(ग) समाचार लेखन के छह ककार कौन-कौन-से हैं ? विस्तार से वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

नए और अप्रत्याशित विषयों पर लेखन का क्या अर्थ है ? स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड – ङ**

**11.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) सात्विक और स्वास्थ्यवर्धक भोजन करने के क्या लाभ हैं ?

(ख) विपरीत परिस्थितियों में भी स्वामी विवेकानंद अपने किन गुणों के कारण आगे बढ़ते रहे ?

(ग) मन की स्थिरता व मजबूती के लिए हमें क्या करना चाहिए ?

(घ) असेम्बली में कब व किसने बम धमाका किया ?